>

Title: Shortage and black-marketing of LPG cylinders in Bareilley, Uttar Pradesh.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पेट्रोलियम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि एनडीए सरकार ने एलपीजी के कनैक्शन पांच करोड़ से दस करोड़ कर दिए थे, लेकिन जब से यूपीए सरकार सत्ता में आई है, तब से एलपीजी की बहुत किल्लत पैदा हो गई है। मेरे शहर में सिलेंडर सौ रुपए से डेढ़ सौ रुपए ब्लैक में मिलना सामान्य बात हो गई है। ऊपर से सरकार तर्क देती है कि 200 रुपए सब्सीडी में खर्च होता है, इसलिए कनैक्शन कम से कम दिए जाएं। पहले सांसदों को कनैक्शन देने की सुविधा मिलती थी, लेकिन अब दुर्भाग्य यह है कि एलपीजी की आपूर्ति वर्तमान सरकार नहीं कर पा रही है और ऊपर से अगर सांसद किसी को एलपीजी कनैक्शन देना चाहें तो उन्हें दिक्कत होती है। आयल कम्पनियों ने अपने डीलर्स से कहा है कि कनैक्शन कम से कम दिए जाएं या अवैध किए जाएं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आने वाले समय में त्यौहार के अवसर आ रहे हैं और अगर एलपीजी नहीं मिली, तो एक और समस्या पैदा होगी।[R10]

निश्चित रूप से वर्तमान सरकार जो आम आदमी की बात करती है, उसे आम आदमी या उसके हितों की कोई चिन्ता नहीं है, वह केवल अपनी लड़ाई में लगी है। इन समस्याओं को लंबे समय से कहा जा रहा है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं चाहूंगा कि सरकार हस्तक्षेप करे और तुरन्त प्रभावी कदम उठाए।